Total No. of Printed Pages—4

4 SEM TDC HIN (CBCS) MIL (A)

2022

(June/July)

HINDI

(Modern Indian Language)

(For Arts)

Paper : MIL-2

(हिन्दी गद्य एवं पद्य)

Full Marks : 80/100
Pass Marks : 32/40

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×8=8

(क) कबीरदास किस काव्यधारा के कवि हैं?

(ख) रसखान का वास्तविक नाम क्या है?

(ग) 'पोस्टर और आदमी' कविता के कवि कौन हैं?

(घ) 'बिजलियाँ गिरने नहीं देंगे' कविता महेन्द्र भटनागर के कौन-से काव्य-संग्रह में संकलित है?

(ङ) नामवर सिंह कृत 'गपशप' किस विधा की रचना है?

(च) 'आतिथ्य' कहानी के कहानीकार कौन हैं?

(छ) मोहन राकेश का जन्म कहाँ हुआ था?

(ज) 'आधे-अधूरे' नाटक का नायक कौन है?

2. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 3×4=12

(क) "साधु ऐसा चाहिए, जैसा सूप सुभाय।" भाव स्पष्ट कीजिए।

(ख) रसखान के काव्य-सौन्दर्य पर प्रकाश डालिए।

(ग) कवि दिनकर हिमालय से क्या प्रार्थना करते हैं?

(घ) गिरिजा कुमार माथुर इतिहास को विकृत सत्य क्यों मानते हैं?

(ङ) 'अकेली' कहानी के माध्यम से लेखक ने क्या संदेश देना चाहा है?

(च) 'गपशप' निबंध में वर्णित लेखक के विचारों को संक्षेप में लिखिए।

(छ) 'आधे-अधूरे' नाटक के अभिनेयता पर प्रकाश डालिए।

(ज) 'आधे-अधूरे' नाटक के शीर्षक की सार्थकता पर प्रकाश डालिए।

3. निम्नलिखित की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 8×3=24

(क) "तुलसी काया खेत है, मनसा भयौ किसान।
पाप-पुण्य दोउ बीज हैं, बुवै सौ लुनै निदान॥
जग ते रह छत्तीस है, राम चरन छः तीन।
तुलसी देखु विचार हिय, है यह मती प्रबीन॥"

अथवा

"उस पुण्य भूमि पर आज तपी
रे! आन पड़ा संकट कराल;
व्याकुल तेरे सुत तड़प रहे,
डर रहे चतुर्दिक विविध व्याल?
मेरे नगपति! मेरे विशाल।"

(ख) "किसी की बेकार खींची हुई रेखाओं से उसकी तत्कालीन मनःस्थिति का पता अच्छी तरह चल सकता है। सार्थक रेखाएँ यों तो त्रिभुज बनाएँगी या किसी मकान अथवा पुल का मॉडल, आदमी नहीं।"

अथवा

"मैं तो इनसे कहती हूँ कि जब पल्ला पकड़ा है, तो अंत समय में भी साथ ही रखो, सो तो इनसे होता नहीं।"

(ग) "मैं इस घर में एक रबड़-स्टैम्प भी नहीं, सिर्फ एक रबड़ का टुकड़ा हूँ—बार-बार घिसा जाने वाला रबड़ का टुकड़ा। इसके बाद क्या कोई मुझे वजह बता सकता है, एक भी ऐसी वजह कि क्यों मुझे रहना चाहिए इस घर में?"

अथवा

"यूँ तो जो कोई भी एक आदमी की तरह चलता-फिरता, बात करता है वह आदमी ही होता है... पर असल में आदमी होने के लिए क्या जरूरी नहीं कि उसमें अपना एक माद्दा, अपनी एक शख्सियत हो?"

4. कबीर के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालिए। 12

अथवा

'बिजलियाँ गिरने नहीं देंगे' कविता का सारांश लिखिए।

5. "'गपशप' में आदमी की असली और छिपी मनोवृत्तियाँ खुलती हैं।" पठित पाठ के आधार पर इसकी पुष्टि कीजिए। 12

अथवा

कहानी तत्त्वों के आधार पर 'आतिथ्य' कहानी की समीक्षा कीजिए।

6. 'आधे-अधूरे' नाटक में उठायी गयी समस्याओं को विस्तारपूर्वक लिखिए। 12

अथवा

"सावित्री की मानसिकता आधुनिक महत्त्वाकांक्षिणी, स्वावलंबी, कामकाजी महिला की मानसिकता है।" इस कथन के संदर्भ में सावित्री की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(In Lieu of Internal Assessment)

7. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10×2=20

(क) तुलसीदास की भक्ति-भावना पर प्रकाश डालिए।

(ख) भूषण के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालिए।

(ग) 'मैं धोबी हूँ' निबंध का सारांश प्रस्तुत कीजिए।

(घ) नाटक तत्त्वों के आधार पर 'आधे-अधूरे' नाटक की समीक्षा कीजिए।

★★★